**सुविचार**

देर से बनो पर जरूर कुछ बनो क्योंकि, वक़्त के साथ लोग खैरियत नही हैसियत पूछते है।

# अंतर्कथा



खबरों की विश्वसनीयता हमारी पहचान...

अंतर्कथा | वर्ष 26, अंक 34 | Web :- www.antarkatha.com | Youtube:- antarkatha news | शनिवार 4 मई 2024 | पेज- 1


# झारखंड में दो दिवसीय दौरे पर पीएम मोदी, रांची में किया रोड शो

अंतर्कथा प्रतिनिधि



रांची : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आज झारखंड आगमन हुआ। लोकसभा चुनाव 2024 के लिए वो पहली चुनावी सभा को चाईबासा से संबोधित करेंगे। बीजेपी उम्मीदवार गीता कोड़ा के लिए वो वोट की अपील नजर आए। इसके साथ ही उन्होंने रांची के रोड शो में भी शामिल हुए। पीएम मोदी के रांची एयरपोर्ट से निकलने के बाद हिनू चौक, बिरसा चौक, अरगोड़ा चौक होते हुए भारत माता चौक से रोड शो शुरू किया जो किशोरगंज चौक, शनिमंदिर चौक, गौशाला चौक और रातु रोड न्यू मार्केट तक गया।

रोड शो वाले रास्ते में बीजेपी ने कई मंच तैयार की थी। रोड के दोनों तरफ सुरक्षा के लिहाज से बैरिकेडिंग की गई है। प्रधानमंत्री के रोड शो में मोदी के साथ रांची लोकसभा सीट से बीजेपी उम्मीदवार संजय सेठ, और नेता प्रतिपक्ष अमर बावरी भी मौजूद रहे। इस दौरान जहां सड़कों पर जय श्री राम एवं मोदी मोदी के नारे भी गूंजे वही लोगो में सेल्फी लेने की मची होड़।

## संक्षिप्त खबर

### अरविंद केजरीवाल को बड़ा झटका दिया एलजी वीके सक्सेना ने



अंतर्कथा प्रतिनिधि

नई दिल्ली: ईडी के गिरफ्तार करने के बाद दिल्ली के मुख्योमंत्री अरविंद केजरीवाल को लगातार झटके पर झटका लग रहा है। अब एलवी वीके सक्सेकना ने केजरीवाल को ताजा झटका दिया है।

एलजी वीके सक्सेना ने दिल्ली महिला आयोग में नियुक्त 223 कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया। उनकी नियुक्ति अवैध रूप से की गई थी। इसे अरविंद केजरीवाल के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। इसे भ्रष्टाचार के खिलाफ एलजी वीके सक्सेना का बड़ा प्रहार माना जा रहा है। इससे पहले भी एलजी अरविंद केजरीवाल सरकार द्वारा अवैध रूप से बहाल लोगों की नियुक्ति रद्द कर चुके हैं।

### नशे में ऑटो चला रहे ड्राइवर ने पांच लोगों को मारी टक्कर, महिला की मौत- चार जख्मी

गिरिडीह: गिरिडीह के निमियाघाट इलाके के करमाटोंगरी गांव में ऑटो की चपेट में आने से एक साथ चार लोग जख्मी हो गए. जबकि एक महिला शांति देवी की मौत हो गई. इस दौरान चारों को डुमरी के रेफरल अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया. जहां चारो का प्राथमिक इलाज के बाद धनबाद रेफर कर दिया गया. घटना में मृतका समेत पांच लोग शामिल थे. जानकारी के अनुसार ऑटो चालक शराब के नशे में ऑटो चला रहा था. इसी दौरान चालक ने एक के बाद एक पांच लोगों को ठोकर मार दिया.

### आग से डेढ़ दर्जन घर जलकर राख, लाखों का नुकसान

गोड्डा : गोड्डा जिले में अलग-अलग जगहों पर आग लगने से करीब डेढ़ दर्जन घर जलकर राख हो गए. इन घटनाओं में दस लाख से अधिक की संपत्ति जलने का अनुमान है. मेहरमा प्रखंड के अमरसिंह कित्ता गांव में गुरुवार की दोपहर फुस के घर में आग लग गई. देखते ही देखते आग ने भयावह रूप ले लिया और एक-एक कर 12 से अधिक घरों को अपनी चपेट में ले लिया. सभी घर फुस के ही थे. रास्ता भटक जाने से दमकल गाड़ी देर से पहुंची. तब तक सारा कुछ खाक हो चुका था. पीड़ित परिवारों ने बताया कि आगजनी में उनके घर का सारा कुछ जलकर राख हो चुका है. खाने के लिए अनाज तक नहीं बचा है. इधर, सूचना पाकर गांव पहुंचे प्रखंड विकास अधिकारी ने पीड़ित परिवारों को अनाज, टेंट, बर्तन व अन्य जरूरी सामान उपलब्ध कराया.

## जमशेदपुर लोकसभा सीट से झामुमो प्रत्याशी समीर मोहंती ने किया नामांकन

▶ सीएम चंपाई रहे साथ

अंतर्कथा प्रतिनिधि



जमशेदपुर : लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी के रूप में बहरागोड़ा से झामुमो विधायक समीर मोहंती ने शुक्रवार को नामांकन दाखिल कर दिया है. नामांकन से पूर्व मोहंती ने अपने आवास में पूजा- अर्चना की. इस दौरान उनका पूरा परिवार उनके साथ रहा. रवाना होने से पूर्व उनकी सुपुत्री ने गले लगकर उनका उत्साह बढ़ाया.

वहीं नामांकन दाखिल करने के बाद सीएम चंपाई सोरेन ने कहा कि देश में महागठबंधन की सरकार बनने जा रही है. इंडिया गठबंधन मजबूत है और हम पूरी मजबूती से आगामी लोकसभा चुनाव में लड़ने जा रहे हैं. देश में किसी का लहर नहीं चल रहा है. वहीं पीएम मोदी के चाईबासा दौरे के सवाल पर उन्होंने कहा कि चुनावी माहौल है कोई कहीं आ जा सकता है हमारे गठबंधन और प्रत्याशी पर कोई फर्क नहीं पड़नेवाला है. इधर झामुमो महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने समीर मोहंती के जीत का दावा किया. उन्होंने कहा कि देश जुमलों की सरकार से त्रस्त हो चुका है.

प्रधानमंत्री के पास आज कोई मुद्दा नहीं है जिसे वे जनता के बीच रख सकें. अब वे अपने चुनावी सभाओं में पाकिस्तान का जिक्र कर रहे हैं. दुनिया के सबसे बड़े बलात्कारी के साथ मंच साझा कर रहे हैं. बीजेपी महिलाओं की सुरक्षा के मामले में पूरी तरह से विफल साबित रही है. दस साल के कार्यालय में मोदी सरकार के पास उपलब्धियां गिनाने का कोई मुद्दा नहीं है यही मोदी सरकार की विफलता है.

## अमेठी लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार के एल शर्मा ने नामांकन दाखिल किया



अंतर्कथा प्रतिनिधि

लखनऊ : उत्तर प्रदेश की अमेठी लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार किशोरी लाल शर्मा ने शुक्रवार को यहां जिलाधिकारी कार्यालय में नामांकन पत्र दाखिल किया. शर्मा के साथ कांग्रेस के स्थानीय नेता मौजूद रहे.

इससे पहले, अन्य नेताओं और परिवार के सदस्यों के साथ अमेठी पहुंचने के तुरंत बाद पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी गौरीगंज स्थित पार्टी कार्यालय पहुंचीं और शर्मा से मुलाकात की. उन्होंने पार्टी उम्मीदवार की जीत सुनिश्चित करने के लिए कार्यकर्ताओं को भी संबोधित किया. इसके बाद में वह अपने भाई राहुल गांधी के नामांकन में भाग लेने के लिए रायबरेली के लिए रवाना हो गईं. लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण के तहत 20 मई को होने वाले मतदान के लिए नामांकन दाखिल करने के आखिरी दिन शुक्रवार को सुबह अमेठी सीट से शर्मा की उम्मीदवारी की घोषणा की गई.

किशोरी लाल शर्मा ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, "मैं हमेशा गांधी परिवार का सेवक रहा हूं और एक सेवक को गांधी परिवार ने जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसे मैं निभाऊंगा."

# पटना के गोलघर के पास लगी भयंकर आग, 6 गैस सिलेंडर में विस्फोट से दहशत

अंतर्कथा प्रतिनिधि



पटना : बिहार की राजधानी पटना में शुक्रवार को एक बार फिर भीषण अगलगी की घटना सामने आई है। राजधानी के मध्य क्षेत्र में स्थित गोलघर के पास झुग्गियों में शुक्रवार दोपहर को भयंकर आग लग गई।

गनीमत रही कि इस घटना में अभी तक किसी के हताहत होने की जानकारी नहीं मिली है।

जानकारी के अनुसार, यहां कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया था। सूचना मिलने के बाद फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और कर्मचारी आग बुझाने में जुट गए।

हालांकि, अब ताजा जानकारी सामने आई है कि मौके पर करीब 6 गैस सिलेंडर फटे हैं। फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों ने अब आग पर लगभग काबू पा लिया है। आग लगने की इस घटना में किसी के हताहत होने की अभी तक कोई सूचना नहीं है। पछुआ हवा ने लपटों को विकराल बनाया

इससे पहले बताया गया कि पछुआ हवा के कारण आग की लपटों ने विकराल रूप धारण कर लिया था। ऐसे में आग बुझाने में खासी मशक्कत करनी पड़ रही थी। जानकारी यह भी मिली कि बीच-बीच में गैस सिलेंडरों के विस्फोट होने की आवाज सुनाई दी। बाद में बताया गया कि करीब 6 गैस सिलेंडर में विस्फोट हुआ है। धमाकों की वजह से इलाके में दहशत का माहौल रहा।

आग लगने के बाद सामने वाली सड़क पर लोगों की भीड़ जुटी रही। वहीं, फायर ब्रिगेड के कर्मचारी आग पर काबू पाने में जुटे रहे।

# चिरकुंडा में एक कचड़ा गोदाम में लगी आग

अंतर्कथा प्रतिनिधि



धनबाद : चिरकुंडा थाना क्षेत्र के सुभाष नगर स्थित अमन सिंह के इंडज्योति फाइनटेक प्राइवेट लिमिटेड नामक कचरा गोदाम में शुक्रवार को भीषण आग लग गई । जिसके बाद गोदाम के अंदर मौजूद लोगों में अफरातफरी मच गई। आग की लपटें इतनी तेज थी कि जिसे देख अगल बगल के लोग मौके पर पहुंच गए। साथ ही आग पर काबू पाने को लेकर पानी डालकर आग को बुझाने का प्रयास करने लगे। सूचना मिलते ही चिरकुंडा थाना प्रभारी सुनील सिंह व निरसा एसडीपीओ रजत मणिक बाखला मौके पर पहुंचे। स्थिति का जायजा लिया। एसडीपीओ ने बताया कि अंदर गोदाम में रखा कचरा में आग लग गया है। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। अंदर फंसे लोगों को निकाल लिया गया। वहीं मैथन और पंचेत सीआईएसएफ के दमकल विभाग को सूचना दे दिया गया है। घटना करीब चार बजे की है। वहीं सूचना पाकर मैथन व पंचेत से सीआईएसएफ का दो दमकल मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाया गया।

## भाजपा कार्यालय में बैठक सम्पन्न




अंतर्कथा प्रतिनिधि

झरिया। शुक्रवार को झरिया कतरास मोड़ स्थित बिहार बिल्डिंग कार्यालय में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्रीमती रागिनी सिंह के नेतृत्व में भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा को ऐतिहासिक जीत सुनिश्चित करने को लेकर अहम बैठक रखी गई जहा श्रीमती सिंह ने सभी पदाधिकारियों को चुनाव को लेकर अपनी दिशा निर्देश दिया इस दौरान उमेश यादव शैलेश सिंह चंद्रवंशी अरुण साव अखिलेश सिंह दिलीप भारती अजय वर्मा विजय सिंह चंद्रवंशी मनोज प्रसाद अभिषेक पाण्डेय संतोष शर्मा समेत कई अन्य गणमान्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता गण मौजूद रहे। वही इसी क्रम में बागड़िगी भूलन बरारी लोदना समेत झरिया विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में दौरा कर भाजपा के पक्ष मतदान कर यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी हाथो को मजबूत करने को लेकर भारी मतों से जीत सुनिश्चित करने की अपील की इस दौरान रोहित बिंद प्रेम नोनिया बबलू भगत गोपाल चौधरी संजू पासवान राहुल पासवान छोटू सिंह समेत कई अन्य गणमान्य कार्यकर्ता गण मौजूद थे ।

## न्यू एंजल होम की छात्रा ने दो गोल्ड मेडल ला कर स्कूल का नाम की रोशन



अंतर्कथा प्रतिनिधि

झरिया। न्यू एंजेल्स होम की कक्षा नवमी की छात्रा श्रेया राज ने राष्ट्रीय लेजर रन प्रतियोगिता जिसका आयोजन 26 से 29 अप्रैल 2024 को महाराष्ट्र के अमरावती में हुआ था, दो गोल्ड मेडल लाकर झारखंड के साथ-साथ स्कूल का नाम रोशन किया । इस मौके पर स्कूल के निदेशक मोहम्मद परवेज अख्तर ने उसे पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया , स्कूल के प्राचार्य मोहम्मद आफताब आलम ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों को खेलकूद में भी रुचि रखना चाहिए और स्वर्ण पदक एक दिन की मेहनत का परिणाम नहीं होता है इसके लिए खिलाड़ी को प्रतिदिन मेहनत और बहुत कुछ तयाग करना होता है और यह स्कूल के लिए गर्व की बात है । मौके पर स्कूल के समस्त परिवार मौजूद थे ।

## धनबाद लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह ने चलाया जनसंपर्क अभियान



अंतर्कथा प्रतिनिधि

पुटकी। धनबाद लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह शुक्रवार को जनसम्पर्क के दौरान पुटकी क्षेत्र के सियालगुदरी पंचायत पहुंची। वहीं यूथ कांग्रेस कमिटी के महासचिव सोनू यादव एवं विक्की कुमार के नेतृत्व में उनका स्वागत किया। इस दौरान श्रीमती सिंह ने लोगो का आशीर्वाद लिया। मौके पर जिप सदस्य कुमारी रूपा, पूर्व धनबाद प्रखंड प्रमुख भानुप्रताप, सुब्रवरण तिवारी , जितेन्द्र शर्मा,क्यूम खान, कुमार संभव सिंह, मनोज यादव ,ध्रुव सिंह चौधरी, रंजीत गोप ,राखल दास, अक्षयवर प्रसाद,राजू अंसारी, मो वसीम, सीमा सिंह, सरस्वती देवी, सुनीता देवी व अन्य मौजूद थे।

## डैफोडिल्स एकाडेमी में तीन दिवसीय समर कैम्प का समापन



अंतर्कथा प्रतिनिधि


पुटकी।मारवाड़ी महिला समिति करकेंद शाखा एंव डैफोडिल्स एकाडेमी करकेंद में तीन दिवसीय समर कैम्प का समापन शुक्रवार को हुआ। इसमे नवम एवं दशम वर्ग के छात्र-छात्राओ ने भाग लिया एवं शिक्षक एवं महिला समिति के सदस्यो के साथ समर कैम्प का आनंद उठाया। समर कैम्प का आरंभ बुधवार को नवम एवं दशम वर्ग के छात्राओ को सैंडवीच, नीबू शरवत व अन्य बनाना सिखाया गया। गुरुवार को छात्राओ को बटन लगाना, मेहंदी लगाना सिखाया गया। शुक्रवार को नवम एवं दशम वर्ग के छात्रो के बीच "अगर मै प्रधानमंत्री होता ,तो देश के लिए कया करता"आकर्षक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें राजा बाउरी(वर्ग दशम) ,एवं सुमित कुमार,(वर्ग नवम) प्रथम स्थान वीर अग्रवाल (वर्ग दशम),एवं सुमित कुमार (वर्ग नवम) द्वितीय स्थान, रिसु झा (वर्ग दशम) ,राजवीर सिकदार (वर्ग नवम) तृतीय स्थान प्राप्त किया।

महिला समिति के सदस्यो ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले सभी छात्रो को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय प्राचार्य तापस बनर्जी ,समिति के अध्यक्ष मीना अग्रवाल, सचिव अनिता सतनालिका आदि थीं |

# निर्दलीय प्रत्याशी लक्ष्मी देवी ने किया नामांकन

अंतर्कथा प्रतिनिधि



धनबाद। धनबाद लोकसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी लक्ष्मी देवी ने शुक्रवार को पर्चा भरा। लक्ष्मी देवी अपने समर्थकों के साथ धनबाद समाहरणालय पहुंची और उपायुक्त के समक्ष पर्चा दाखिल किया। लक्ष्मी देवी ने पर्चा भरने के बाद अपने समर्थकों से मिली। वहीं लक्ष्मी देवी के समर्थको ने फूल माला पहनाकर अग्रिम जीत की बधाई दी। वहीं लक्ष्मी देवी ने पत्रकारों से वार्ता की और धनबाद लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लडने को लेकर अपनी बातो को रखा। लक्ष्मी देवी ने मौके पर कहा कि धनबाद की जनता पिछले कई दशकों से आश्वासन की घुट्टी पी रहा है। भाजपा कांग्रेस जनता को झूठा आश्वासन देकर धनबाद वासियों का वोट तो पा लेता है। लेकिन जन सुविधा के नाम पर प्रतिनिधियों को सांप सूंघ जाता है। धनबाद में पानी बिजली स्वास्थ्य शिक्षा सड़क की समस्या विकराल रूप में है लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है। उन्होने कहा कि चुनाव में धनकुबेरों की कमी नहीं है। ये लोग चुनाव में पैसा बहा कर जनता का वोट तो पा लेते हैं। लेकिन जनता को दुबारा अपना शक्ल नही दिखाते है। और यही वजह है कि धनबाद का विकास नहीं हुआ। राजस्व देने में धनबाद जोन अव्वल है लेकिन धनबाद से दिल्ली के लिए एक भी स्थाई ट्रेन नही मिला, हवाईअड्डा पर झूठ बोला गया। एम्स अस्पताल धनबाद के झोली से छीन लिया गया। अस्पतालों में लूट मची हुई है। बच्चो को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा नही मिल रही है। युवाओं के हाथों में रोजगार देने के बजाय राजनीतिक लोग हथियार थमा रहे हैं। अपराधी बना रहे हैं। धनबाद में युवाओं के लिए रोजगार, महिलाओं के लिए सुरक्षा, बच्चों के लिए शिक्षा, सभी के लिए स्वास्थ्य के मूल मुद्दे की समस्या के समाधान के लिए धनबाद लोकसभा से चुनाव लड़ रही हूं। लक्ष्मी देवी ने कहा कि पहले भी चुनाव में जनता से आशीर्वाद मिला था और अपेक्षा करती हूं कि इस चुनाव में जनता अपना वोट देकर आशीर्वाद देगी।लक्ष्मी देवी ने धनबाद की राजनीति को लेकर कहा कि धनबाद में शोर था बिल्ली के गले में घंटी कौन बांधेगा। बोलने वाले अब गौण हो गए। धनबाद की पटकथा लिखी जा चुकी है और मुझे पूरा विश्वास है कि जनता का वोट रूपी आशीर्वाद मुझे मिलेगा।

# मासस चुनाव पूरे दम खम के साथ लड़ेगी : अरुप चटर्जी

**मासस ही धनबाद का विकल्प : जगदीश रवानी**

अंतर्कथा प्रतिनिधि

धनबाद : मार्क्सवादी समन्वय समिति की एक बैठक अग्रसेन भवन, टेंपल रोड, पुराना बाजार में संपन्न हुई । बैठक की अध्यक्षता मासस जिला अध्यक्ष बिंद्रा पासवान ने की एवं संचालक सुभाष चटर्जी ने किया।

बैठक में मुख्य रूप से मासस के केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह पूर्व विधायक अरूप चटर्जी, मासस धनबाद लोकसभा प्रत्याशी जगदीश रवानी, मासस केंद्रीय सचिव बबलू महतो उपस्थित थे।



बैठक में सर्व समिति से धनबाद लोकसभा क्षेत्र में विशाल आमसभा करने का निर्णय लिया गया जिसमें 13 मई को कलियासोल, 15 मई को बरवड्डा, बड़ा जमुवा, 16 मई को चास एंव बोकारो, 17 मई को गोविंदपुर बाजार एवं निरसा, 18 मई को पुटकी, 19 मई को चंदनक्यारी, 20 मई को नुनूडीह, झरिया, 21 मई को निरसा से चिरकुंडा रैली एवं आम सभा, 22 मई को बलियापुर में विशाल आम सभा आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक अरूप चटर्जी ने कहा कि धनबाद लोकसभा से मासस पुरे दम ख़म के साथ चुनाव लड़ेगी । भाजपा के जन विरोधी अर्थ नीति से जनता पूरी तरह से त्रस्त है। महंगाई और बेरोजगारी से सामाजिक संबंध के साथ-साथ परिवारिक संबंध भी दिन-ब-दिन टूटते जा रहे हैं। केवल जुमले से लोगों को भटकाने का कार्य किया जा रहा है। मासस सत्ता में रहे या ना रहे। आम जानताओ कि दु:ख तकलीफों में हमेशा शामिल रहते हैं। मासस प्रत्याशी जगदीश रवानी ने कहा कि धनबाद संसदीय क्षेत्र के पिछले सांसद लंबे समय से सिर्फ जनता को गुमराह करते रहें है, अब नए प्रत्याशी जुमले के साथ-साथ युवाओं को भटकाने का हथकंडा अपना रहे हैं। धनबाद की जनता समझ चुकी है मासस ही धनबाद का विकल्प है। बैठक में मुख्य रूप से महानगर अध्यक्ष रुस्तम अंसारी, मायुमो जिला अध्यक्ष पवन महतो, गणेश महतो, सारथी मंडल, राणा चटराज, नरेश पासवान, पूर्व मुखिया संतोष रवानी, विजय पासवान, रंजीत यादव, होरीलाल चौहान, भोला चौहान, धर्म बाउरी, लालमोहन महतो, चेतू महतो, दिलीप रवानी, रवि कड़वार, दिनेश महतो, देवाशीष पासवान, सुरेश सिंह, कृष्णा दा, जगदीश साव, देवाशीष पांडेय, अरविंद तिवारी, भीम महतो, शिवचरण महतो, राजेश बिरुआ, संजय पासवान, मोहन यादव, कुमार महतो, ललिता देवी, राकेश सिंह, चौधरी भुईया, अशोक पासवान, वेद प्रकाश सिंह आदि शामिल थे।

## झामुमो का महुदा मोड़ मे सशक्त बूथ कमिटी गठन के लिए बैठक सम्पन्न

अंतर्कथा प्रतिनिधि

महुदा : इण्डिया गठबन्धन के झामुमो गिरिडीह लोक सभा क्षेत्र का प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो के चुनाव प्रबन्ध सम्पन्न कराने के लिए बुथ कमिटी का गठन हेतु गुरूवार को महुदा मोड़ मे बैठक किया गया । जिसका अध्यक्षता प्रखण्ड अध्यक्ष मो० अजमुल अन्सारी व संचालन सचिव रंजित कुमार महतो ने किया । बैठक मे उपस्थित कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए अजमुल अन्सारी ने कहा की यह चुनाव हमलोगों के अधिकार का रक्षा के लिए है, भाजपा संविधान को बदलना चाहती है, जिसके बदौलत हम इज्जत के साथ जिते है, और हमारे अधिकार का रक्षा करते है । उन्होने आगे कहा की चुनाव जितने के लिए बुथ कमिटी को मजबुत बनाना होगा, जिसमे इण्डिया गठबन्धन मे सामील सभी पार्टी के कार्यकर्ता, बुथ स्तर के सभी टोला, जाति, महिला, पुरूष को मिलाकर बुथ कमिटी का गठन करना है । मौके पर अधिवक्ता निर्मल कुमार रवानी, पुर्व जिप सदस्य अब्दुल जब्बार अन्सारी, शिवाकर महतो, छत्रपति महतो, समीम शेख, धिरेन रवानी, अब्दुल अन्सारी, मो० आजाद शेख, दुर्जन माँझी, दारा सिंह माँझी, सगीर शेख, सोहराब शेख, अकबर शेख, सफीक शेख, सहित आदि लोग मौजुद थे।



## दिल्ली हाईकोर्ट ने मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर ईडी, सीबीआई से मांगा जवाब



नई दिल्ली : दिल्ली हाई कोर्ट ने मनीष सिसोदिया की ओर से दायर जमानत याचिका पर ईडी और सीबीआई से जवाब मांगा है. दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया आबकारी नीति में कथित घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपी हैं. सिसोदिया ने 30 अप्रैल को राउज एवेन्यू कोर्ट के जमानत याचिका खारिज करने के फैसले को दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती दी थी. राउज एवेन्यू कोर्ट की स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने उनकी जमानत याचिका को खारिज कर दिया था. अब हाई कोर्ट ने ईडी और सीबीआई को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है. सुनवाई के दौरान दिल्ली हाई कोर्ट ने ईडी से सवाल किया कि जब पिछले तीन महीने से सिसोदिया को उनकी पत्नी से हफ्ते में एक दिन मिलने की इजाजत है, तो फिर अब इसे जारी रखने में क्या दिक्कत है. वहीं ईडी के वकील ने इस बारे में निर्देश लेने के लिए कोर्ट से समय मांगा था. बता दें कि मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर दिल्ली हाई कोर्ट में आज सुनवाई हुई.

पहले हुई सुनवाई से सिसोदिया के वकील ने कहा था कि उनको निचली अदालत ने बीमार पत्नी से मुलाकात के लिए हफ्ते में एक दिन की कस्टड़ी परोल दी थी, लेकिन जमानत अर्जी खारिज होने के बाद वह पत्नी से नहीं मिल पा रहे है. जब तक उनकी जमानत अर्जी दिल्ली हाईकोर्ट में पेंडिंग है, तब तक उन्हें एक दिन की कस्टडी परोल जारी रहने की इजाजत होनी चाहिए.

निचली अदालत ने 2021-22 की आबकारी नीति के निर्माण और कार्यान्वयन में कथित अनियमितताओं के संबंध में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दर्ज भ्रष्टाचार और धन-शोधन मामलों में सिसोदिया की जमानत याचिका खारिज कर दी थी।

## स्ट्रांग रूम का निरीक्षण करने कुंजी पहुंचे बीडीओ डॉ. सुषमा आनन्द

अंतर्कथा प्रतिनिधि

महुदा - बाघमारा विधान सभा क्षेत्र 043 का इन्टरमीडिएट स्ट्रांग रूम उत्क्रमित उच्च विद्यालय कुंजी, केबीआर उच्च विद्यालय महुदा, छत्रुटाँड़, और डीपीएलएमए+2 उच्च विद्यालय नावागढ़ को चुनाव कार्य के लिए बनाया गया हैं, जिसका भवन का निरीक्षण सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह प्रखण्ड विकास पदाधिकारी डॉ० सुषमा आनन्द ने किया। निरीक्षण के क्रम में प्रभारी प्रखण्ड कल्याण पदाधिकारी रधुवंश भारती , प्रखण्ड चुनाव प्रभारी रंजीत कुमार,बीएलओ पर्यवेक्षक भागीरथ सिंह,बिनोद महतो, मुमताज अंसारी,राम प्रसाद महतो,जमुना रवानी, बीएलओ गीता कुमारी,निलम प्रभा ,शिक्षक निरदवरण तिवारी,सुमन कुमारी, सीमा देवी, मुखिया प्रतिनिधि दिनेश कुमार प्रमाणिक, अमर कुमार पासवान,दिनेश कुमार पासवान आदि मौजूद थे ।

## एनडीए प्रत्याशी सी पी चौधरी ही एकमात्र विकल्प : सदानंद महतो

**आजसू पार्टी ने किया विभिन्न गांव का दौरा**

अंतर्कथा प्रतिनिधि

धनबादः तोपचांची क्षेत्र के विभिन्न गांव का दौरा आजसू पार्टी द्वारा शुक्रवार को किया गया। इसके तहत करमाटांड़, भंवरदाहा तथा साहूबहियार में पंचायत प्रभारी तथा ग्राम प्रभारी की संयुक्त बैठक की गई।जिसमें आजसू पार्टी के जिला संगठन सचिव सदानंद महतो भी मौजूद थें। बैठक में सदानंद महतो ने कहा कि एनडीए प्रत्याशी सी पी चौधरी एकमात्र विकल्प है। देश को मजबूत बनाना चाहते हैं तो मजबूत प्रधानमंत्री बनने के लिए एनडीए को मतदान करें। आजसू पार्टी झारखंड के सभी क्षेत्रीय मुद्दों के साथ राष्ट्रीय आदि मौजूद थें।

# राहुल गांधी ने रायबरेली से नामांकन किया दाखिल

### सोनिया गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे भी रहे मौजूद

रायबरेलीः राहुल गांधी ने उत्त र प्रदेश की रायबरेली लोकसभा सीट से नामांकन दाखिल कर दिया है. इस दौरान सोनिया गांधी और कांग्रेस अध्यःक्ष मल्लिकार्जुन खरगे भी मौजूद रहे. कांग्रेस द्वारा उत्तर प्रदेश की रायबरेली लोकसभा सीट पर अचानक राहुल गांधी को उम्मीदवार बनाये जाने से सुर्खियों में रहने वाला यह निर्वाचन क्षेत्र एक बार फिर चर्चा का विषय बन गया है.



रायबरेली सीट को 'वीवीआईपी' सीट भी कहा जाता है, जहां से पहले दो आम चुनाव में राहुल के दादा फिरोज गांधी विजयी हुए थे. रायबरेली निर्वाचन क्षेत्र में फिरोज गांधी द्वारा रखी गयी मजबूत नींव को उनकी पत्नी व पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने और मजबूती प्रदान की तथा 1967, 1971 और 1980 के चुनाव में इस सीट पर जीत हासिल की.

कांग्रेस के पूर्व अध्यलक्ष राहुल गांधी इस बार भी दो लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे हैं. राहुल गांधी 2004 से लगातार तीन बार अमेठी निर्वाचन क्षेत्र से संसद सदस्य चुने गए थे. वह 2019 में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की नेता स्मृति ईरानी से चुनाव हार गए थे. वह वर्तमान में केरल के वायनाड निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं.

उन्होंने इस सीट पर 2019 के लोकसभा चुनाव में जीत दर्ज की थी. इस बार भी राहुल वायनाड से चुनाव मैदान में हैं. अब कांग्रेस ने उन्हें रायबरेली लोकसभा सीट से भी चुनाव मैदान में उतार दिया है.

राहुल गांधी और शर्मा शुक्रवार को क्रमशः रायबरेली और अमेठी से अपने-अपने नामांकन पत्र दाखिल किया. इन दोनों सीट पर सात चरण में होने वाले लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण के तहत 20 मई को मतदान होगा, जिसके लिए नामांकन दाखिल करने का अंतिम दिन शुक्रवार यानी आज है.

राहुल गांधी अपना नामांकन पत्र दाखिल करने से पहले अपनी मां सोनिया गांधी, बहन प्रियंका गांधी वाद्रा और बहनोई रॉबर्ट वाद्रा के साथ शुक्रवार को अमेठी के फुरसतगंज हवाईअड्डे पर पहुंचे. उनके साथ राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत भी थे.

नामांकन दाखिल करने के लिए बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं के अलावा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे भी रायबरेली पहुंचे. कांग्रेस ने शुक्रवार को तड़के इन दोनों सीट पर उम्मीदवारों के नाम की घोषणा की.

# अक्षय तृतीया से पूर्व राजस्थान हाई कोर्ट की आदेश का स्वागत,गैर सरकारी संगठनो ने उठाई मांग बाल विवाह के खिलाफ पूरे देश में उठाएं जाए शख्त कदम

**बाल विवाह को रोकने में विफलता पर पंचों व सरपंचों को ठहराया जाएगा जवाब देह**

अंतर्कथा प्रतिनिधि

लखीसराय (सुजीत कुमार)-: प्रदेश में बाल विवाहो की रोकथाम सुनिश्चित करने के राजस्थान हाई कोर्ट के फोरन आदेश के बाद पुरे देश में इस तरह की आवाजें उठने लगी है कि उनके राज्य में भी इसी तरह के कदम उठाया जाए। बिहार के लखीसराय में जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन एलायंस के सहयोगी संगठन विकासार्थ ट्रस्ट ने राज्य सरकार से अपील की कि वह भी इस नजीर का अनुसरण करते हुए सुनिश्चित करें कि अक्षय तृतीया के दौरान कहीं भी बाल विवाह नहीं होने पाए। हाई कोर्ट का यह फौरन आदेश जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन एलायंस की जनहित याचिका पर आया है। इन संगठनों ने अपनी याचिका में इस वर्ष 10 मई को अक्षय तृतीया के मौके पर होने वाले बाल विवाहो को रोकने के लिए तत्काल हस्तक्षेप की मांग की थी।न्यायमूर्ति शुभा मेहता और पंकज भंडारी की खंड पीठ ने कहा सभी बाल विवाह निषेध अफसरों से इस बात की रिपोर्ट मंगाई जानी चाहिए कि उनके अधिकार क्षेत्र में कितने बाल विवाह हुए और इनकी रोकथाम के लिए क्या प्रयास किया गया। खंड पीठ का यह आदेश अक्षय




तृतीया से महज 10 दिन पहले आया है याचिका द्वारा बंद लिफाफे में सौंपी गई अक्षय तृतीया के दिन होने वाले 54 बाल विवाह की सूची पर गौर करने के बाद खंड पीठ ने राज्य सरकार को इन विवाहो पर रोक लगाने के लिए बेहद कड़ी नजर रखने को कहा है यद्यपि इस सूची में शामिल नामों में कुछ विवाह पहले ही संपन्न हो चुके हैं लेकिन 46 विवाह अभी होने बाकी है। जस्ट राइटस फॉर चिल्ड्रन एलायंस के संस्थापक भुवन ऋभु ने कहा बाल विवाह वह घृणित अपराध है जो सर्वत्र व्यापक है और जिसकी हमारे समाज में स्वीकार्यता है बाल विवाह के मामलों की जानकारी देने के लिए पंचों व सरपंचों की जवाब देही तय करने का राजस्थान हाई कोर्ट का फैसला ऐतिहासिक है पंच व सरपंच जब बाल विवाह के दुष्परिणामों के बारे में जागरूक होंगे तो इस अपराध के खिलाफ अभियान में उनकी भागीदारी और और कार्यवाइया बच्चों की सुरक्षा के लिए लोगों के नजरिए और बर्ताव में बदलाव का वाहक बनेगी बाल विवाह के खात्मे के लिए भारत सरकार द्वारा उठाए जा रहे कदम पूरी दुनिया की लिए एक सबक है और राजस्थान हाई कोर्ट का यह फैसला इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जस्ट राइटस फॉर चिल्ड्रन एलायंस पांच गर्वसरकारी संगठनों का गठबंधन हैजिसके साथ 120 से भी ज्यादा गैर सरकारी संगठन सहयोगी के तौर पर जुड़े हुए हैं जो पूरे देश में बाल विवाह बाल यौन शोषण और बाल दुर्व्यवहार जैसे बच्चों की सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर काम कर रहे हैं। हाई कोर्ट का यह आदेश ऐसे समय पर आया है जब अक्षय तृतीया के मौके पर बाल विवाह के मामलों में खासी बढ़ोतरी देखने को मिलती है और जिसे रोकने के लिए राज्य सरकार और कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ मिलकर जमीनी स्तर पर काम कर रहे तमाम गैर सरकारी संगठन हर संभव प्रयास कर रहे है।विकासार्थ ट्रस्ट की सचिव सुनीता सिंह ने कहा राजस्थान हाई कोर्ट का यह आदेश ऐतिहासिक है जिसके दूरगामी नतीजे होंगे। देश में शायद पहली बार ऐसा हुआ है जब पंचायती राज प्रणाली को यह शक्ति दी गई है कि वह सरपंचों को अपने क्षेत्राधिकार में बाल विवाहो को रोकने मे विफलता के लिए जवाबदेह ठहरा सके।

# आपसी विवाद को लेकर भाई ने भाई को मारा गोली, जमीन एवं ट्रेक्टर को लेकर था विवाद

अंतर्कथा प्रतिनिधि

लखीसराय -: लखीसराय जिले के हलसी प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बरदोखर गांव में बड़े भाई ने छोटे भाई को बथान पर गोली मारी। मिली जानकारी के अनुसार बरदोखर गांव निवासी कामेश्वर सिंह के बडे पुत्र बमबम कुमार ने अपने सहोदर छोटे भाई शिव शंकर सिंह को बथान पर पशु बाघने के क्रम सिर में गोली दी। वही मौके पर उपस्थित ग्रामीण ने घायल शिव शंकर सिंह को इलाज हेतु समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हलसी लाया । जहां डॉक्टर ने गंभीर स्थिति रहने के कारण बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल लखीसराय रेफर कर दिया। वही सुचना



घायल शिव शंकर सिंह



आरोपी बमबम सिंह

मिलते ही हलसी थाना प्रभारी विजय कुमार, एएसआई पिंटू कुमार,सब इंस्पेक्टर सचिधर प्रसाद ने अपने दल-बल के साथ बरदोखर गांव पहुंची जहां आरोपी बमबम सिंह के कमरे में ताला लगा हुआ था तो पुलिस ने आरोपी के कमरे को ताला तोड़ा और आरोपी के बिछावन के नीचे से तीन ज़िन्दा कारतुस, एक चाकू बरामद किया। घटना के बाद अफरातफरी मच गई। घटना घटते ही ग्रामीण ने देशी कट्टा को छिन लिया था और हलसी थाना पुलिस को फिर घटनात्मक देशी कट्टा को सौंप दिया गया। वही ग्रामीण ने बताया कि आपसी विवाद जमीन एवं ट्रेक्टर को लेकर मामला था। वही बमबम सिंह एवं शिव शंकर सिंह दोनों साथ में रह रहा था तभी बमबम सिंह ने अपने नाम से ट्रेक्टर ले लिया था, जहां दोनों भाई का बटवारा हो गया। दोनों भाई को चार चार बीघा का बटवारा हुआ था दोनों भाई एक ही घर में रह रहा था। शिवशंकर सिंह घर पर ही खेती किया करता था। घायल शिव शंकर सिंह के दो बच्चा एक लड़की एक लड़का वही आरोपी बमबम सिंह को एक लड़की एक लड़का है। बमबम सिंह के परिवार एवं बच्चे लखीसराय में रहकर पढ़ाई करता है तो वही शिव शंकर सिंह के परिवार गांव में ही रहता था।

## बागीचे में लगी भीषण आग से लाखों रुपए का बांस का बगीचा जलकर राख



अंतर्कथा प्रतिनिधि

मुंगेर -: मुंगेर जिला के प्रखंड तारापुर के धर्मराय गाँव के बागीचे में लगी भीषण आग से लाखों रुपए का बांस का बगीचा जलकर राख हो गया। मिली जानकारी में धर्मराय गांव के बगीचे में लगी भीषण आग से लगने के बाद ग्रामीणो मे अफरा तफरी का माहौल हो गया। इसी क्रम में ग्रामीणों ने फायर ब्रिगेड तारापुर को फ़ोन किया। फायरमैन फायर ब्रिगेड लेकर घटनास्थल पर पहुंचा और ग्रामीणों की मदद से आग बुझाने का काम किया। बहुत मशक्कत करने के बाद आग पर काबू पाया गया। इधर आग कैसे लगा पता नहीं चल पाया।

## डीजे की बुकिंग अधिक और कम होने की जलन के कारण किया मार पीट,ईट पत्थर चलाते हुए किया घायल

अंतर्कथा प्रतिनिधि



जमुई झाझा-: पुरानी रंजिश में एक बुजुर्ग व्यक्ति के साथ गांव के ही कुछ लोगों के द्वारा मारपीट करते हुए ईट पत्थर चलाते हुए घायल कर दिया। मामला थानाक्षेत्र के कठबजरा गांव की है। घायल की पहचान युगल यादव के रूप में हुई है। घायल बुजुर्ग को इलाज के लिए परिजनों ने रेफरल अस्पताल झाझा लाया जहां डॉक्टर ने घायल बुजर्ग का इलाज किया। मारपीट को लेकर घायल बजुर्ग व्यक्ति के पुत्र बिजली यादव ने बताया कि मेरे पास भी डीजे है और गांव के रहने वाले प्रमोद यादव के पास डीजे है। मेरे डीजे की बुकिंग अधिक होती है। इसी बात को लेकर वे हमेशा मेरे उपर गुस्सा जाहिर करते रहता है। इसलिए हमदोनो में विवाद होते रहता है। रात्रि में प्रमोद के भतीजा के साथ मारपीट हुआ था। जिसको लेकर उसने मेरे उपर शक जाहिर किया। इसी बात को लेकर प्रमोद यादव और उसके पिता फुली यादव, नागो यादव, प्रसादी यादव मुझपर गुस्सा रखे हुए था। शुक्रवार को मेरे पिता मेरे बेटे के साथ बाइक से घर आ रहा था तो रास्ते में वे लोग मेरे पिता के साथ मारपीट करते हुए ईट पत्थर चलाकर घायल कर दिया। घटना की जानकारी थाना में दी गई।

# कधार बीट के केटल गार्ड को एक साल से मानदेय नही मिलने पर आर्थिक तंगी से गुजर रहे इनके दिन

अंतर्कथा प्रतिनिधि

बांका -: बांका/जयपुर थाना क्षेत्र के कधार बीट में काम करने वाले आधे दर्जन केटल गार्ड को पिछले एक साल से मानदेय का भुगतान नहीं हो पाया है। जिनके कारण केटल गार्ड राजकिशोर यादव,तगधू यादव,धनराज यादव,महालाल हेमरम,मो० नसीम आलम,नुनलाल हेमरम दुखी है।इनलोगों ने बताया कि हमलोग मालबथान बीट व बिरनियां बीट में केटल गार्ड का काम करते हैं पर पिछले एक साल से हमलोगों को मानदेय की राशि नहीं मिली है जिससे हमलोगों की आर्थिक स्थिति चरमरा गई है। अपनी पीड़ा बताते हुए राजकिशोर यादव घर भूसियातरी थाना जयपुर



बताते हैं कि इस भीषण गरमी में भी हम लोग जंगल में अपनी ड्युटी बजा रहे हैं जहाँ पानी पीने का भी साधन नहीं है । ठंडा हो या बरसात अपनी ड्यूटी से भागते नहीं हैं ताकि जंगल में कोई व्यक्ति जंगल की पेड़ काट ना पाये और पशु वृक्षों को खाकर बर्बाद ना कर पाये, पर वन विभाग की बेरूखी हमें आर्थिक रूप से कमजोर कर रखा है। वेतन ना मिलने के कारण कर्ज लेकर घर चला रहे है।कर्जदार भी अब कड़ा तगादा कर रहा है। वहीं धनराज यादव कालझर ने बताया कि बच्चा बीमार होता है तो उसका ईलाज कराना मुश्किल हो जाता है,दिन भर जंगल में रहते हैं अन्य आमदनी का कोई श्रोत नहीं होने पर घर की आर्थिक स्थिति खस्ताहाल हो चुका है। नसीम आलम के अनुसार हमसे कागजात पर विभाग के पदाधिकारी हस्ताक्षर ले लिये हैं और हस्ताक्षर के दिन को बताया गया था कि बिल पर काम फाईनल है पैमेंट दो चार दिन में कर दिया जायेगा पर अब तक मानदेय का भुगतान हम लोगों का नहीं हुआ है। वहीं कधार बीट में कार्यरत वन विभाग के कर्मी बलराम सिंह के अनुसार विभाग को मानदेय संबंधी कागजात कार्यालय को भेजा जा चुका है । पैमेंट नहीं हुआ है तो इसमें आफिस की लापरवाही है। इस जंगल में कार्यरत कैटल गार्ड के अनुसार इनसे वन विभाग तीस दिन का काम लेते हैं और वेतन भुगतान मात्र 26 दिन की करते हैं।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक विनोद आनंद (विनोद कुमार मंडल) के लिए सहयोग प्रिंटर्स एंड पब्लिकेशन, रतनपुर, पो-गोविन्दपुर, जिला - धनबाद, झारखंड, पिन- 828109 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
सम्पादक-'विनोद आनंद, कार्यालय-रतनपुर, पो गोविन्दपुर, जिला-धनबाद, झारखंड - 828109, (पी आर बी के तहत खबर चयन के लिए जिम्मेवार), आरएनआई पंजीयन संख्या 68458/98